(7)

बिहार विधान परिषद् सचिवालय

अधिसूचना

अधिसूचना संख्या- वि.प.अ.प्र.- 220/2005 - 1658(1) /वि०प०। पटना, दिनांक- 23.09.2022

माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, सदन नेता, बिहार विधान मंडल ने अपने पत्र दिनांक- 23.09.2022 द्वारा बिहार विधान परिषद् में संसदीय कार्यों के संचालन हेतु सत्तारूढ़ दल के माननीय सदस्य श्री संजय कुमार सिंह को मुख्य सचेतक, माननीय सदस्य श्री सुनिल कुमार सिंह को उप मुख्य सचेतक, माननीय सदस्य श्री नीरज कुमार एवं माननीया सदस्य श्रीमती रीना देवी को सचेतक मनोनीत किए जाने की सूचना दी है।

प्राप्त सूचना के आलोक में माननीय सभापति, बिहार विधान परिषद् ने बिहार विधान परिषद् में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक पद पर माननीय सदस्य श्री संजय कुमार सिंह, उप मुख्य सचेतक पद पर माननीय सदस्य श्री सुनिल कुमार सिंह और सचेतक पद पर माननीय सदस्य श्री नीरज कुमार एवं माननीया सदस्य श्रीमती रीना देवी के मनोनयन को दिनांक- 23.09.2022 के प्रभाव से मान्यता प्रदान करने की कृपा की है।

सभापति, बिहार विधान परिषद् के आदेश से।

23.9.2022
(विनोद कुमार)
कार्यकारी सचिव
बिहार विधान परिषद्

ज्ञापांक- वि.प.अ.प्र.- 220/2005 - 1659(1) वि०प० पटना, दिनांक- 23.09.2022

प्रतिलिपिः- बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण/ माननीय मुख्यमंत्री,बिहार/ माननीय उप मुख्यमंत्री सहित अन्य माननीय मंत्रीगण, बिहार/ मुख्य सचिव, बिहार/ मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव/ राज्यपाल के प्रधान सचिव/ अपर मुख्य सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार/ माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग के आप्त सचिव/ सचिव, बिहार विधान सभा/ सरकार के सभी विभाग एवं विभागाध्यक्ष/ सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना/ लेखा शाखा-1 एवं 2/ विधेयक शाखा/ अवधायक शाखा/ दूरभाष शाखा/ स्थापना वर्ग-3 एवं 4/ आवास शाखा/ई० गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार (हार्ड कॉपी के साथ सी.डी. सहित)/ सेवा शाखा एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विधान परिषद् को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23.09.2022
(मनोज कुमार)
अवर सचिव
बिहार विधान परिषद्